आरोहण

सत्र 2018-19, 2019-20

राष्ट्रीय सेवा योजना

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

राष्ट्रीय एकता शिविर कोणार्क-उड़ीसा

दिनाँक 16 से 22 फरवरी 2020

दिनाँक 16 से 22 फरवरी 2020 तक राष्ट्रीय एकता शिविर भागबती महाविद्यालय, कोणार्क अर्बन हाट ओड़िसा में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग रासेयो प्रकोष्ठ की संगठन व्यवस्था में छत्तीसगढ़ राज्य से 10 स्वयंसेवकों के साथ 1 दल प्रभारी सम्मिलित हुए। श्री आयुष्मान मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी (शास. महाविद्यालय अर्जुन्दा) के नेतृत्व में धर्मेन्द्र कुमार बंजारे - शास. महाविद्यालय, अर्जुन्दा तथा सामेश्वरी साहू - माँ बहादुर कलारिन क/वि. महाविद्यालय, गुरूर राष्ट्रीय एकता शिविर में भागीदारी की।

राष्ट्रीय एकता शिविर - बडोदा-वडोदरा (गुजरात)

दिनाँक 20 से 26 जनवरी 2020

दिनाँक 20 से 26 जनवरी 2020 तक महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बडोदा-वडोदरा (गुजरात) में गुजरात सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग रासेयो प्रकोष्ठ से अर्चना वर्मा - शास. चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, पाटन, प्रियंका पुलस्त्य - शास. कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लालबहादुरनगर, योगेन्द्र चंद्राकर - शास. महाविद्यालय, अर्जुन्दा तथा परमानंद वर्मा- शास. महाविद्यालय कवर्धा राष्ट्रीय एकता शिविर में भागीदारी की।

तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनाँक 8 से 10 जनवरी 2020

यूनिसेफ एवं एन.एस.एस. संयुक्त आयोजन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना के 27 स्वयंसेवकों के लिए दिनाँक 08 से 10 जनवरी 2020 तक तीन दिवसीय नुक्कड़ नाट्य प्रशिक्षण का आयोजन कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें अंजली पटेल एवं बॉबी चन्द्राकर - कल्याण स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर, भिलाई, सरबजीत, प्रीति देशमुख एवं रूबि वर्मा - शास. वि. या. ता. स्नात. स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग, सोहेल अंसारी एवं प्राची खापरे - साई महाविद्यालय, सेक्टर - 6, भिलाई, अर्पिता मिश्रा एवं युवराज वर्मा - श्री शंकराचार्य कॉलेज, जुनवानी, भिलाई, गौरी परांजते एवं ऋषिका साहनी - भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई नगर, राजीव एवं अंचल - शास. नवीन महाविद्यालय, खुर्सीपार, दिशा यादव, प्रशांत तिवारी एवं बरखा कोरी - इंदिरा गॉधी शास. आर्ट एंड कॉमर्स महाविद्यालय वैशालीनगर, योगेन्द्र बंधे, थान सिंह साहू, चुम्मन साहू, मनोहर सोनकर एवं कुलदीप टंडन - शास. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनॉदगॉव, डोमेन्द्र, हिमांशु साहू एवं भूपेश कुमार - शास. शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुन्डरदेही, राहुल देशमुख एवं डेविड साहू - शास. महाविद्यालय, अर्जुन्दा, मनमीत सिंह भामरा एवं यशस्वी सिंह - स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यूनिसेफ के द्वारा नुक्कड़ नाटक के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षक श्री मंजूल भारद्वाज दिल्ली से आए थे। उनके द्वारा प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को बाल अधिकार, नारी उत्पीड़न, बाल श्रम, दहेज प्रथा, समाज में व्याप्त बुराईयों से लड़ने आदि बहुत से समस्याओं से लड़ने के लिए नुक्कड़ नाटक तैयार कर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने के लिए प्रशिक्षित हुए।

आज हमें ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए।